# कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC)

**स्रोत: द हिंदू**

**कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC)** अपने खनिज-समृद्ध क्षेत्रों की सुरक्षा और राष्ट्रीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिये रवांडा तथा **M23 मिलिशिया** के साथ शांति वार्ता कर रहा है।

- संयुक्त राज्य अमेरिका शांति स्थापित करने और **कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC)** के साथ द्विपक्षीय **महत्त्वपूर्ण खनिज** समझौते करने के उद्देश्य से शांति वार्ताओं में सहायता कर रहा है।
- फरवरी 2025 में, रवांडा समर्थित **M23 मिलिशिया ने गोमा और बुकावु** जैसे शहरों पर कब्ज़ा कर लिया तथा विश्व के चौथे सबसे बड़े टिन उत्पादक **बिसी टिन खदान** को धमकी दी।
- कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC) के उत्तर और **दक्षिण किवु प्रांत टिन, टंगस्टन और टैंटेलम (कोल्टन अयस्क)** (3T खनिज) में समृद्ध हैं।
  - DRC **कोबाल्ट का सबसे बड़ा स्रोत है** (वैश्विक आपूर्ति का 70%) और **विश्व के 40% कोल्टन का स्रोत है,** जिसका उपयोग इलेक्ट्रॉनिक्स के लिये टैंटेलम कैपेसिटर में किया जाता है, क्योंकि इसमें **उच्च चार्ज प्रतिधारण क्षमता** है।
- M23 मिलिशिया पूर्वी DRC में एक तुत्सी नेतृत्व वाला विद्रोही समूह है जो **तुत्सी समुदायों की रक्षा के लिये लड़ता है। वे DRC सरकार और एक हुतु-संबद्ध मिलिशिया से लड़ रहे हैं, जिसका संबंध वर्ष 1994 के रवांडा जनसंहार से है।**
  - ऐसा माना जाता है कि **M23 को रवांडा का समर्थन प्राप्त है,** जबकि हुतु को इस क्षेत्र के कुछ हुतु समूहों का समर्थन प्राप्त है।
- DRC **अफ्रीका का दूसरा सबसे बड़ा देश है,** जिसमें खनिज (कोबाल्ट, तांबा, टिन, यूरेनियम, हीरे) से **समृद्ध कटंगा पठार** है।
  - इसकी राजधानी किंशासा कांगो नदी पर स्थित है, जो **भूमध्य रेखा को दो बार पार करने वाली एकमात्र अफ्रीकी नदी है।**

**और पढ़ें:** DRC संघर्ष और M23 मिलिशिया

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/democratic-republic-of-congo-drc